BSES

पावर अलर्ट

नई दिल्लीः 11 दिसंबर, 2014। अगली गर्मियों के दौरान बिजली नेटवर्क और महत्वपूर्ण उपकरणों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड ने अपने लोकल नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत व रखरखाव का काम कर शुरू किया है।

समय– समय पर बिजली नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत और रररखाव का काम करना आवश्यक है, ताकि गर्मियों के दौरान ये अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करें। दुनियाभर में ऐसा किया जाता है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– कारों व अन्य मशीनों की तरह, समय– समय पर बिजली के इंफ्रास्ट्क्चर की सर्विसिंग व मेंटेनेंस की भी जरूरत पड़ती है। दिल्ली में इसकी जरूरत और ज्यादा है क्योंकि यहां सर्दी और गर्मी, दोनों ही मौसम अपने चरम पर होते हैं। अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक सर्दी का बिजली के नेटवर्क और उपकरणों पर बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा, दिल्ली में हर साल भारी मात्रा में बिजली की खपत बढ़ती है। गौरतलब है कि दिल्ली में बिजली की प्रति–व्यक्ति औसत खपत, देश की प्रति–व्यक्ति औसत खपत के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। इसलिए भी समय पर नेटवर्क की सर्विसिंग आवश्यक है।

सर्दियों के दौरान बिजली नेटवर्क के मेंटेनेंस का काम इसलिए किया जाता है, ताकि उपभोक्ताओं को कम परेशानी हो और साथ ही गर्मियों में बिजली उपकरण बेहतर तरीके से काम करें।

ताकि उपभोक्ता अपने दिन की योजना बेहतर तरीके से बना पाएं, इसलिए बीएसईएस ने नेटवर्क मेंटेनेंस के शेड्यूल को अपनी वेबसाइट डबलूडब्लूडब्लू. बीएसईएसदिल्ली. कॉम पर अपलोड कर दिया है।